हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

4



विद्यालय परीक्षा के प्रोजेक्ट में बच्चों से करवाया पौधों का रोपण

# कोल्हेंनझरिया स्वास्थ्य केंद्र का वाहन स्टैंड बना सफेद हाथी

## गेट से नदारद है अस्पताल का नाम, पहचान के लिए भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

फ़रसाबहार विकास खंड के ग्राम कोल्हेंनझरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी धन के दुरुपयोग और ठेकेदार की मनमानी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में मरीज़ों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए जिस गाड़ी स्टैंड (वाहन पार्किंग) के निर्माण को मंज़ूरी मिली थी, वह ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है।

■ सड़क पर वाहन खड़ी करने को मजबूर डॉक्टर और स्टाफ

और ठेकेदार मौके से फरार हो चुका है। इस अधूरे निर्माण के कारण, जहाँ एक ओर लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है, वहीं ⏭ शेष पेज 4 पर



**अस्पताल का नाम ही नहीं:** सबसे अधिक लापरवाही की बात यह है कि अस्पताल के मुख्य गेट पर अभी तक कोई सूचना या (साईन बोर्ड) भी नहीं लगाया गया है। बाहरी मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल ढूंढने और सेवाओं की जानकारी लेने में भारी कठिनाई होती है।इस लापरवाही का सीधा असर अस्पताल के सुचारु संचालन पर पड़ रहा है। इसके साथ ही डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने वाहन कहां खड़े करें? उन्हें मजबूरन खुले में या सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है, जिससे वाहन चोरी और क्षति का खतरा बना रहता है। जब सुविधाएँ ही नहीं होंगी, तो हम अच्छी सेवाएं कैसे दे पाएंगे।

### नहीं होती कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासियों और अस्पताल प्रबंधन ने इस अधूरे काम और ठेकेदार की लापरवाही के संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत की है। बावजूद इसके, शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन का यह मौन इस बात को बल देता है कि कहीं न कहीं अफसरशाही और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है, जिसके कारण भ्रष्ट तत्वों को संरक्षण मिल रहा है। कोल्हेंनझरिया का यह मामला दिखाता है कि कैसे छोटे स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार, आम जनता को मिलने वाली बुनियादी सेवाओं को प्रभावित करता है।

### मामला अधिकार क्षेत्र से बाहरः बीएमओ

इस मामले में जब फरसाबहार के बीएमओ डॉ.विनय भगत से सवाल किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र से ऊपर का है। उन्होंने कहा कि यह टेंडर जिला स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में होता है। कोल्हेंनझरिया अस्पताल का कार्य अधूरा है, इसकी जानकारी है। मैंने इस संबंध में सीएमएचओ को अवगत करा दिया है।

## लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम भट्ठी कोना में जमीन के पुराने विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसमें एक पक्ष ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना बगीचा के अनुसार प्रार्थी सज्जन राम नगेसिया और आरोपी देवनन्दन यादव का खसरा क्रमांक 221/1 की शासकीय भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। प्रार्थी रविवार सुबह अपने परिवार के साथ खसरा क्रमांक 221/3 में घेरा लगाने और हल जोतने गया था।उसी दौरान आरोपी देवनन्दन यादव अपने परिजनों के साथ वहाँ पहुंच गया और लगाए गए खंभे उखाड़ने लगा। विवाद बढ़ा तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी राजेश यादव ने कुल्हाड़ी से प्रार्थी के पुत्र पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। प्रार्थी और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए हैं।

### पुलिस की करवाई आगे भी जारी रहेगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर हुए प्राणघातक हमले के सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

रिपोर्ट पर थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 109 और 191(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एसडीएम बगीचा और एसडीओपी बगीचा तुरंत मौके पर पहुंचे। विवादित स्थान का निरीक्षण किया गया और क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया।

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों में देवनन्दन यादव उम्र 68 वर्ष,केशव प्रसाद यादव उम्र 66 वर्ष,राजेश यादव उम्र 36 वर्ष, रामस्नेही यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम झापी दरहा को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी भी जप्त कर ली गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से सकारात्मक परिवर्तन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। ग्राम पंचायत जोकारी की मंजू भगत भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। वे बताती हैं कि प्राप्त राशि से उनके परिवार के दैनिक खर्चों में उल्लेखनीय सहूलियत मिली है। यह सहायता वे किराना सामग्री खरीदने, बच्चों की शिक्षा में सहयोग, तथा स्वयं के छोटे-मोटे आवश्यक खर्चों पर उपयोग करती हैं। योजना से मिली आर्थिक सुरक्षा ने उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा है।

### गणना पत्रक सत्यापन की अवधि 11 तक

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 एवं 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर 2025 को गणना पत्रक सत्यापन, 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 16 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति, 16 दिसम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन कार्य एवं 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित है।

### एमआईएस सहायक की नियुक्ति हेतु सूची जारी

**जशपुरनगर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु जिला एवं चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन के रूप में जिला स्तरीय समन्वयक तथा उपखण्ड स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण उपरान्त जिला स्तरीय समन्वयक हेतु 63 आवेदन प्राप्त है, जिसमें से 63 अपात्र तथा एमआईएस सहायक के 85 आवेदन प्राप्त है, जिसमें से 03 पात्र, 82 अपात्र पाया गया। पात्र व अपात्र सूची में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु लिखित अभ्यावेदन 03 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। अभ्यार्थी पुष्टि हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर में कार्यालयीन समय तक अभ्यादेवन प्रस्तुत कर सकते है।

## धान का अवैध परिवहन, पिकअप जब्त

**जशपुरनगर।** जिला में अवैध धान परिवहन पर पुलिस की कड़ी निगरानी का असर लगातार दिख रहा है। चौकी पंडरा पाठ पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए बिना दस्तावेज के 10 क्विंटल धान से भरा पिकअप जब्त किया है। पुलिस को देखकर वाहन चालक पिकअप मोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने पीछा कर उसे रोक लिया।

30 नवंबर को चौकी पंडरा पाठ क्षेत्र में पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सन्ना की ओर से आ रहा पिकअप क्रमांक जेएच -07 एम -9272 पुलिस को देखते ही तेज़ी से वापस मुड़कर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर वाहन को रोका। जांच में वाहन में 10 क्विंटल धान भरा मिला।वाहन चालक ने अपना नाम आनंद यादव उम्र 30 वर्ष, निवासी भादू, थाना सन्ना बताया तथा पिकअप का मालिक खुद को ही बताया। धान के संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई भी वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर सका।





### जिला प्रशासन को सौंपा गया वाहन व धान

पुलिस ने वाहन और धान दोनों को ज़ब्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है। धान कहां से लाया जा रहा था और कहां ले जाया जा रहा था, इसका खुलासा अभी जांच में होना बाकी है।

### एसएसपी बोले, अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी

जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिले में अन्य राज्यों से होने वाले अवैध धान परिवहन पर पुलिस की सतत निगरानी बनी हुई है। पंडरा पाठ में जब्त किए गए 10 क्विंटल धान की जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।जशपुर पुलिस अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

## एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ी

**जशपुरनगर।** किसान हितों को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर कैरीफारवर्ड, डूबान तथा वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु निर्धारित समय सीमा बढ़ा दी गई है। विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब यह प्रावधान 15 दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध रहेगा। पूर्व में विभाग ने 30 नवम्बर 2025 तक इन प्रावधानों को समिति लॉगिन में उपलब्ध कराया था। किन्तु कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया अभी जारी होने के कारण समय विस्तार आवश्यक पाया गया।

## रिटायर्ड फौजी पन्नेलाल का अनोखा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

इंडियन आर्मी से रिटायर होने के बाद जब फौजी अपने गांव लौटे तो पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बीटीआई चौक के समीप गांव वालों ने पारंपरिक आरती, गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बता दें कि पत्थलगांव निवासी पन्नेलाल लकड़ा 18 साल तक बिहार रेजिमेंट में पदस्थ थे। अपने लंबे सैन्य कार्यकाल में उन्होंने चाइना बॉर्डर, सियाचिन ग्लेशियर, भूटान बॉर्डर सहित कई कठिन और रणनीतिक क्षेत्रों में देश की सेवा की है। उनकी घर वापसी पर गांव में वर्षों से चली आ रही अनोखी परम्परा भी निभाई गई। गांव की सीमा न्यायालय के समीप पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने स्वागत किया, महिलाओं ने स्वागत गीत ओर आरती' उतारकर उनका सम्मान किया। गांववासियों ने कहा पन्नेलाल लकड़ा हमारे गांव का गर्व हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा की है, इसलिए उनका स्वागत हमारे लिए सम्मान और उत्सव दोनों है।

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन के लिए जशपुर के 7 छात्रों का चयन

**जशपुरनगर।** डिजिटल बेस्ड विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा विद्यार्थी विज्ञान मंथन के तीसरे चरण में राज्यस्तरीय कैंप के लिए जशपुर के 7 छात्रों का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि इसका आयोजन भारत के साथ साथ अरब देशों में भी किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान को लेकर उत्सुकता उत्पन्न करना और भारत के वैज्ञानिकों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित करना हैं। इस परीक्षा के प्रथम दो चरणों में भी जशपुर के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए रिकॉर्ड कायम किया था, जिले के कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने भी छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष अभियान चला कर हर संभव सहयोग प्रदान किया था। उसके पश्चात द्वितीय एवं तृतीय चरण में भी बड़ी संख्या में क्वालीफाई करते हुए राज्य स्तर पर 7 छात्रों ने स्थान बनाया है। इस परीक्षा हेतु प्रथम चरण की परीक्षा की परीक्षा 28 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच तथा दूसरे चरण की परीक्षा 19 से 23 नवंबर के बीच आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 150 छात्रों का चयन राज्य स्तरीय कैंप हेतु किया गया है जिनमें 7 जशपुर जिले के छात्र भी शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शाला ढोड़ीडांड़ कुनकुरी से शिवानी चौहान कक्षा 8, सोनिका बाई कक्षा 8, मोनिका बाई कक्षा 8 एवं अर्पिता शर्मा पीएमश्री सेजेस कुनकुरी कक्षा 8, निशा कुजूर सेजेस पतराटोली कक्षा 9, आयुषी पन्ना सेजेस पतराटोली कक्षा 9 , रोहन कुमार साहू पीएम श्री सेजेस कोतबा कक्षा 9 शामिल हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में खुलेगा शहीद वीर नारायण सिंह दाल भात केंद्र

## जिले के युवाओं को कौशल विकास की योजनाओं से करें लाभान्वितः कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन, खनिज, उद्योग, श्रम, उद्योग व्यापार केंद्र, ग्रामोद्योग, अंत्यावसायी, कौशल विकास तथा आजीविका कॉलेज सहित संबंधित विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

■ उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से लोगों को बैंकिंग, जीएसटी एवं कर संबंधी मिलेगी जानकारी

बैठक में उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, मुख्यमंत्री घोषणाएं, टीएल-जनदर्शन-पीजीएन, एसडीजी इंडिकेटर्स, पीएम सूर्यघर, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएँ, विभागीय योजनाएँ, बजट उपयोगिता, ई-केवाईसी, स्थापना, कंडेम्ड वाहन, कलेक्टर कॉन्फ्रेंस एजेंडा, निष्क्रिय बैंक खाते एवं अगले बजट हेतु प्रस्ताव जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विभागवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करें और सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कौशल विकास विभाग को जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, मैकेनिक जैसे व्यवसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर युवाओं को जागरूक करने कहा। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने वन विभाग को टीएल में लंबित आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केंद्र को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लक्ष्यों की जानकारी लेकर अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। साथ ही जेम पोर्टल में उद्यमियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जशपुर नगर में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हेतु ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप सिकंदराबाद में निर्णायक होंगे बेग



**बिश्रामपुर।** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 75 वीं अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 5 दिसंबर सिकंदराबाद (तेलंगाना) में किया जा रहा है जिसमें सर्विसेज के अंतर्गत इंडियन नेवी,इंडियन फोर्स एवं इंडियन आर्मी के टीमें हिस्सा ले रही हैं,यह चैंपियनशिप भारत के सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप में से एक है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे,वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा इस चैंपियनशिप के सफल संचालन हेतु भारत से दो रेफरी को नियुक्त किया गया है जिसमें सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी सूरजपुर जिले के मोहम्मद गौस बेग का चयन किया गया है, जो छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे,इस चैंपियनशिप में इंडियन सर्विसेज टीम का गठन किया जाना है,सर्विसेज टीम इस वर्ष नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल एवं पिछले वर्षों में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुकी है, गौरतलब है कि वर्ष 2024 में वर्ल्ड मिलिट्री वालीबॉल चैंपियनशिप ईरान में भारत की सर्विसेज टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था,भारत की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निर्णायक हेतु अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग के चयन होने पर छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के प्रमुख मोहम्मद अकरम खान,सचिव हेम प्रकाश नायक, छत्तीसगढ़ रेफरीज बोर्ड के चेयरमैन विनोद नायर एवं सूरजपुर वालीबाल संघ के अध्यक्ष अजय गोयल व सचिव राम श्रृंगार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अस्पताल में शुरू हुई फिजियोथेरेपी सेवा, मरीजों को मिली बड़ी राहत

**रामानुजगंज।** नगर के लोगों के लिए एक बड़ी और राहत की खबर सामने आई है। जिला प्रशासन तथा विष्णु दित्य राज के विशेष प्रयासों से अब रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में फिजियोथेरेपी सेवा की शुरुआत हो गई है। इससे पहले यह सुविधा यहां उपलब्ध नहीं थी,जिस कारण मरीजों को इलाज के लिए अंबिकापुर या रायपुर जाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही फिजियोथेरेपी सुविधा शुरू होने से लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी। खास तौर पर बुजुर्गों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, नसों की जकड़न, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, सर्वाइकल, साइटिका और ठंड के मौसम में होने वाली जोड़ों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट विजय सिंह ने बताया कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से दवाइयों के बिना भी कई प्रकार के दर्द और शारीरिक समस्याओं से राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नियमित थेरेपी से मरीजों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं। फिजियोथेरेपी इकाई प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 100 बिस्तर अस्पताल परिसर में संचालित की जा रही है। मरीज मात्र 10 रुपये शुल्क की पर्ची बनवाकर यहां इलाज करा सकते हैं, जिससे यह सेवा आर्थिक रूप से भी सभी के लिए सुलभ बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगी और जरूरतमंद मरीजों को अब दूर भटकना नहीं पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि आने वाले समय में इस सेवा का और विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### एसईसीएल के अलग अलग खदानों के पंद्रह कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खदानों,कर्मशाला सहित अन्य जगहों में कार्यरत पंद्रह कोल कामगार आज रविवार 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए,सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में बलरामपुर 10-12 खदान से रुदन,आनंद राम,बिंदेश्वर,उदय राम,लोक साय,बिश्रामपुर ओसी से राजेंद्र यादव,गायत्री खदान से नरेंद्र सिंह यादव, भुनेश्वर, रामबिलास, बिपिन बिहारी सिंह, कुमदा सब एरिया से रामस्वरूप साहू, बी अप्पा राव, एरिया हेड क्वार्टर से जैनुल आबेदीन,रीजनल वर्क शॉप से जयनाथ राम,सेंट्रल हॉस्पिटल से शकीला प्रवीण के नाम शामिल हैं।

### बाइक की टक्कर से बालिका की मौत, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। घर के सामने खेल रही बालिका को बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई बालिका की अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम घुई निवासी प्रिंस कुमार आ. मोहर साय (26 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 22 नवम्बर की शाम भांजी कुमारी लक्ष्मी घर के सामने अन्य बच्चों के साथ सड़क किनारे खेल रही थी। इसी दौरान रमकोला की ओर से आ रहे अज्ञात बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बालिका को रमकोला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्रतापपुर अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### अब दूर से ही दिखने लगा राष्ट्रीय पक्षी मोर

**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी तिराहा का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। तिराहा के तीनों ओर लोहे के रेलिंग लगाकर रंग-रोगन कर दिया गया है और बीच में राष्ट्रीय पक्षी मोर बनाई गई है, जिसे अभी रंग-रोगन करना बाकी है। ओड़गी नाका तिराहे के बीच में बनाए गए राष्ट्रीय पक्षी मोर के सामने ही यातायात जागरूकता का बोर्ड लगा था।

## वर्षों से गर्ल्स हायर सेकेण्डरी भवन के एक कमरे में हो रहा संचालित

# एसजीजीयू के शिक्षण विभागों का संचालन भकुरा परिसर के अधूरे भवनों में करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- भवन में नहीं है मूलभूत सुविधाएं

प्रारंभ से ही उधार के भवन में संचालित संत गहिरा गुरू विवि के शिक्षण विभागों को विवि के भकुरा परिसर एवं लम्बे समय से खाली पड़े पुराने भवन में स्थानांतरित करने की तैयारियां चल रही हैं। विवि प्रबंधन द्वारा भकुरा परिसर में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं पूर्ण हो चुके यूटीलिटी बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की योजना पर आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

वर्ष 2008 में संत गहिरा गुरू विवि की स्थापना के बाद गुरू घासीदास विवि द्वारा अम्बिकापुर परिसर में संचालित डी फार्मा एवं कम्प्यूटर साइंस संकाय को एसजीजीयू को सौंपा गया था। विवि ने इन्हीं दो संकायों से शिक्षण विभाग की शुरूआत की थी। कुछ समय बाद विवि द्वारा लखनपुर में दान में मिले एक भवन में इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2014 में तत्कालीन कुलपति प्रो.बीएल शर्मा की पहल पर यूटीडी अंतर्गत प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि, पर्यावरण विज्ञान, बायोटेक एवं फार्म एण्ड फार्मेसी विभाग का संचालन प्रारंभ किया गया। इंजीनियरिंग कॉलेज को छोड़कर किसी भी संकाय का अपना भवन नहीं होने के कारण वर्षों तक विभागों का संचालन अलग-अलग शासकीय भवनों में होता रहा। विभाग एक भवन से दूसरे भवन में घूमते रहे। इंजीनियरिंग कॉलेज के संचालन में लापरवाही बरतने का आरोप लगा विद्यार्थियों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन करने पर शासन उसे स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अधीन कर दिया। अब इंजीनियरिंग कॉलेज को शासकीय महाविद्यालय की मान्यता प्रदान की गई है। प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के निकट शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन तैयार होने के बाद सभी शिक्षण विभागों का संचालन इसी भवन में किया जा रहा है। इस भवन के एक-एक कमरे में शिक्षण विभागों का संचालन वर्षों से किया जा रहा है।

गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण भवन का पूरा फर्श उखड़ गया है। भवन में पानी सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य कारणों से शैक्षणिक विभागों में अभी तक शैक्षणिक वातावरण तक तैयार नहीं हो सका है। शैक्षणिक विभागों को उच्च शिक्षण संस्थान बनाने की दिशा में विवि के अधिकारियों ने कभी कोशिश भी नहीं की। अब सभी शिक्षण विभागों को विवि के भकुरा परिसर में संचालित करने की तैयारियां की जा रही हैं ताकि बेहतर ढंग से इनका संचालन हो सके।



यूटीडी के लिए तैयार भकुरा परिसर स्थित यूटीलीटी बिल्डिंग।



शैक्षणिक विभाग का जर्जर भवन।

### पुराने भवन में चलेगा फार्मेसी विभाग

विवि शिक्षण विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग द्वारा डी फार्मा एवं बी फार्मा पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। चार वर्षीय बी फार्मा में 120 जबकि डी फार्मा में 60 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विभाग के पास प्रयोगशाला के सभी आवश्यक उपकरण एवं लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हैं लेकिन जगह की कमी होने के कारण विद्यार्थियों को कभी इसका लाभ नहीं मिल पाया। विभाग द्वारा प्रायोगिक कार्य के नाम पर वर्षों तक सिर्फ खानापूर्ति की गई। अब विवि के पुराने भवन को फार्मेसी विभाग को सौंपा गया है। पुराने भवन स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा में बी फार्मा एवं डी फार्मा की कक्षाएं संचालित होंगी वहीं कुलपति कार्यालय भवन में लाइब्रेरी एवं सेंट्रल बैंक के प्रथम मंजिल में लैब का संचालन किया जाएगा। विवि के पुराने भवन में पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के कारण छात्र-छात्राओं को अब सारी सुविधाएं मिलेंगी।

### भकुरा परिसर में स्थानांतरित होंगे 6 विभाग

शासन द्वारा वर्ष 2018 में एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन सहित अन्य अकादमिक एवं आवासीय भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन अब तक मात्र तीन भवनों का ही निर्माण पूरा हो सका है। अधूरे भवनों में अकादमिक भवन भी शामिल है जबकि यूटिलिटी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रशासनिक भवन के भूतल एवं प्रथम मंजिल का निर्माण पूरा हो चुका है। अधिकारियों ने यूटिलिटी बिल्डिंग एवं अधूरे प्रशासनिक भवन में आवश्यक सुधार कर यूटीडी के अन्य सभी 6 विभागों का संचालन करने का निर्णय लिया है। विवि प्रबंधन द्वारा भवनों का तेजी से सुधार किया जा रहा है।

### चल रही तैयारियां

यूटीडी अंतर्गत संचालित विभागों के पुराने विवि भवन एवं भकुरा परिसर के पूर्ण एवं अधूरे भवनों में स्थानांतरित करने की तैयारियां चल रही हैं। विवि द्वारा भवनों में जरूरत के अनुसार सुधार कार्य कराया जा रहा है। अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के आवागमन के लिए एक अतिरिक्त बस की भी व्यवस्था की गई है। सुधार कार्य पूरा होते ही नए भवनों में विभागों का संचालन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

# तापमान के पारा में 2 डिग्री की वृद्धि, ठंड से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ते ही होगी ठंड की वापसी

खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान दित्वाह की सक्रियता से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गयी है। तूफान के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से पारा में लगातार वृद्धि हो रही है जिसके कारण ठंड से कुछ राहत है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक ठंड से राहत रहने एवं तूफान का प्रभाव खत्म होते ही फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहा था। सर्द हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हो रही थी तथा गुरूवार को पारा 6.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। शुक्रवार को खाड़ी से सक्रिय चक्रवाती तूफान दित्वाह के प्रभाव से पारा में वृद्धि होने से ठंड से कुछ राहत मिली है। उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। कमजोर होने के कारण विक्षोभ का खास प्रभाव नहीं पड़ा है तथा उत्तर भारत का आसमान होने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह अभी भी जारी है। रविवार को आसमान पर हल्के बादल छाने के साथ उत्तर की सर्द हवाओं के झोंके आते रहे। सर्द हवाओं के प्रभाव से रविवार को तापमान 0.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान का प्रभाव खत्म होने के बाद एक बार फिर ठंड की वापसी होने तथा कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारी के अनुसार 2 दिसम्बर को चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने की संभावना है। इधर तूफान के प्रभाव से आगामी 2-3 दिनों तक पारा में वृद्धि होने तथा न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री के आसपास रहने के कारण ठंड से राहत रहने की संभावना है। तूफान के प्रभाव से वातावरण में मौजूद नमी के सूखने के बाद एक बार फिर पारा में गिरावट होने तथा कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। फिलहाल खाड़ी में कोई दूसरा सिस्टम नहीं है। ऐसे में तूफान का प्रभाव खत्म होते ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। लम्बे अर्से बाद इस बार नवम्बर में कड़ाके की ठंड पड़ी है।

सरगुजा में सामान्यतया दिसम्बर में ठंड अपना असर दिखाती है। मौसम विज्ञानी दिसम्बर में भी जबरदस्त ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इसके पूर्व वर्ष 1996 एवं 1970 के नवम्बर में भीषण ठंड पड़ी थी। इस बार नवम्बर के प्रारम्भिक तीन दिनों को छोड़कर लगातार 27 दिनों तक न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। उत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

# कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं दो महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुई दो महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी विफनी बाई पति रोघा पहाड़ी कोरवा (40 वर्ष) 29 नवम्बर को जब पति मवेशी चराने गया था तब वह घर में अकेली थी। इस दौरान महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। शाम को पति मवेशी चराकर घर लौटा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। कीटनाशक की गंध आने पर पति ने परिजन को घटना की जानकारी देने के साथ ही उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चौपानी निवासी सांझो पति राखे राम पहाड़ी कोरवा (22 वर्ष) 27 नवम्बर को पति को मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन आधे रास्ते से ही वापस लौट आई। इसी बीच पति ने मछली पकड़ने की बात कहकर चला गया। शाम को घर आने के पश्चात दोनों सो गए। इसी बीच देर रात पत्नी उल्टी करने लगी।

उल्टी में कीटनाशक का गंध आने पर पति ने उसे तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया।

### गिरने से गंभीर हुई महिला की उपचार के दौरान मौत

शराब के नशे में धुत महिला घर के आंगन में गिर गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम भौवराही निवासी सिद्धी बाई पति हीरा साय (30 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। शुक्रवार को जब पति काम पर और बच्चे स्कूल गए थे तभी महिला ने अत्यधिक शराब पी ली थी और आंगन में गिर गई। शाम को जब पति वापस घर पहुंचा तो पत्नी को आंगन में लहूलुहान हालत में अचेत पड़ा देख तत्काल उसे सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## अस्मिता महिला लीग में बालिकाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अंबिकापुर।** खेलो इंडिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वाधान में अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस 2025 का आयोजन 30 नवंबर को गांधी स्टेडियम स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री इंजी. सोमनाथ सिंह, एमआईसी मेंबर प्रियंका गुप्ता, वरिष्ठ महिला भाजपा नेता शकुंतला पांडे और अरुण सिंह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में पहली बार सॉफ्ट टेनिस खेल की महिला लीग का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 162 महिला खिलाड़ियों ने पंजीयन कर तीन वर्गों में भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग प्रथम प्रियंका, द्वितीय प्रमिला, तृतीय प्रज्ञा एवं रिविका, सब जूनियर वर्ग में प्रथम श्रेया, द्वितीय गैसु, तृतीय निर्झर व राजधानी और जूनियर वर्ग में प्रथम नीलम, द्वितीय श्रेया, तृतीय शबनम एवं अनम रही। अस्मिता वूमेंस लीग, खेलो इंडिया एवं साई की एक विशेष महिला-केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य देश की बालिकाओं एवं महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। यह पहल महिलाओं की खेल प्रतिभा को पहचानने, उन्हें प्रशिक्षण, अवसर एवं सुरक्षित प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में रवि शंकर धनगर, दिलीप कुमार विश्वकर्मा के साथ ही मुख्य रूप से रजत सिंह, इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस बालिका खिलाड़ी रिमा राय, राष्ट्रीय मेडलिस्ट चंचल सारथी एवं पूर्णिमा प्रतिकार, रागिनी अगरिया मौजूद रहे।

# विधायक पैकरा ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सोनपुर ग्राम पंचायत के सुदूर आदिवासी अंचल के बरपानी, डोंगीपानी एवं आसानपानी ग्राम में पहुंच कर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सूनी। साथ ही ग्रामीणों की मांग पर बरपानी में बोर खनन मशीन की पूजा अर्चना करते हुए बोर खनन के कार्य शुरू करवाया। गांव में बोर खनन शुरू होने से ग्रामीण काफी खुश नजर आए।

विधायक ने एक दिवसीय भेंट मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना के तहत आदिवासी सुदूर अंचल में सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए सड़क निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आदिवासी सुदूर अंचल में गुणवत्ता युक्त सड़क बनाने की बात कही। ग्राम पंचायत सोनपुर, धनेशपुर , आसानपानी , डोंगी पानी , घुंघरू पाठ में लगभग सभी जगह झारखंड सीमा तक प्रधान मंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी खुश है। मुख्य कार्यपालन अभियंता गोपाल सिंह सिदार ने ग्रामीण से चर्चा दौरान बताया गया कि जितने भी सामरी विधानसभा क्षेत्र में प्रधान मंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना का कार्य कराया जा रहा है यह शासन द्वारा स्वीकृत किए गए प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विभाग के उपयंत्री एसडीओ मौके पर हमेशा तैनात रहते है जिनकी उपस्थिति में निर्माण कराया जाता है। ऐसे क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए आवागमन होते रहता है। पांच वर्ष के अंतराल में इस सड़क में किसी भी प्रकार की टूट फूट होती है तो विभाग की देख रेख में ठेकेदार द्वारा इसका मरम्मत कराया जाएगा। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने सोनपुर, धनेशपुर, हंसपुर पंचायत के डोंगी पानी, घुंघरू पाठ में ग्रामीणों को बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार सभी जगह जहां कोरवा जनजाति ,आदिवासी जनजाति समुदाय सहित अन्य समुदाय के जाति पहाड़ी इलाकों में निवासरत है वहां तक सड़क, बिजली, पानी, स्कूल भवन सहित सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा केंद्र उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राम पंचायत हंसपुर के डोंगी पानी में ग्रामीणों ने पेयजल, आंगनबाड़ी भवन का आहता निर्माण कराने की मांग करते हुए डोंगी पानी को राजस्व ग्राम घोषित कराए जाने की मांग की जिस पर विधायक ने विचार करते हुए समय अनुसार सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बसंती भगत, लक्ष्मण सिंह पैकरा, गोपाल सिंह सिदार, आरके तिर्की, राकेश भारती, देव साय भगत, राजेश्वर यादव, बालों बाई, भगवती सोनवानी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, मुरली राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसआईआर प्रक्रिया से बिश्रामपुर के अस्तित्व पर खतरा, छिन सकता है नगर पंचायत का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- वितरित किए गए गणना पत्रक के वापसी जमा प्राप्ति की तुलनात्मक संख्या कम होने से जनप्रतिनिधियों की चिंता बढ़ी
- गुजरते समय के साथ कई कोलकर्मी रिटायरमेंट के बाद दूसरे प्रांतो में वापस लौटे, यहां ज्यादातर कब्जाधारी रह रहे



नगर पंचायत बिश्रामपुर के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह, अधिकारी कर्मचारी व कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं हैं,लोगों के द्वारा गणना पत्रक के भरकर वापसी जमा अनुपात की संख्या कम होने से जनप्रतिनिधियों समेत लोगों की चिंता बढ़ गई है।

गौरतलब है कि 6 मार्च 2003 को शासन ने इस इलाके को तेजी से विकसित होते कोल क्षेत्र के मॉडल टाउन के रूप में देखते हुए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया था, लेकिन दो दशक बाद तस्वीर यहां पूरी तरह बदल चुकी है और यह बदलाव इतना तेज और अप्रत्याशित है कि नगर पंचायत का अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बिश्रामपुर से नगर पंचायत बनाने के पीछे इस क्षेत्र की औद्योगिक व जनसंख्या वृद्धि,एसईसीएल की विशाल कॉलोनियों का विस्तार, कोल कर्मियों के लिए बेहतर शहरी सुविधाएं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था,लेकिन बीते समय के साथ लगातार कोल कर्मियों के रिटायरमेंट के बाद वे दूसरे प्रांतों स्थित अपने पैतृक गांव को लौट गये, जिस कारण आज यह पूरा इलाका तेजी से खाली होता जा रहा है,बताया जा रहा है कि वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र में वर्तमान मतदाता संख्या 9730 है,लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट कहती है कि बड़ी संख्या में मूल निवासी सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव-घर लौट चुके हैं,अब अनेक क्वार्टर खाली पड़े हैं या बाहर के लोगों ने क्वाटरों में अवैध रूप से कब्ज़ा किया हूआ है,ज्यादातर कब्ज़ा किये हुए बाहरी लोग नगर पंचायत की प्रक्रियाओं में शामिल होने को तैयार नहीं दिख रहे हैं,यही वजह है कि एसआईआर के दौरान वास्तविक संख्या की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है,गौरतलब है कि 2003 की मतदाता सूची में शामिल अधिकांश लोग अब यहां रह ही नहीं रहे हैं,कई संख्या में परिवार हमेशा के लिए दूसरे प्रांतों या अन्य जिलों में बस गए,कई क्वार्टरों में आज पूरी तरह नई आबादी निवास कर रही है,ऐसे में 2003 की सूची का उपयोग नगर पंचायत की जनसंख्या को आधिकारिक तौर पर बहुत कम दिखा देगा,जो इसके अस्तित्व के लिए खतरा बना हूआ है,नगर पंचायत बिश्रामपुर के अस्तित्व को बचाने के लिए नगर पंचायत बिश्रामपुर के अधिकारी कर्मचारी के अलावा प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी तारतम्य में रविवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत बिश्रामपुर के शासकीय आजाक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, चोपड़ा कालोनी स्थित बूथ व नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय में पहुंचकर एसआईआर के कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं,बताया गया कि बिश्रामपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जितने गणना पत्रक वितरण किए गए हैं,उनमें अधिकांश लोगों द्वारा आज तक अपने प्रपत्र को जमा नहीं किया गया है,बिश्रामपुर नगर पंचायत में एसईसीएल कालोनियों का बड़ा हिस्सा शामिल है लेकिन अब अधिकांश क्वार्टरों में बाहरी लोग रह रहे हैं,न तो वे स्थायी मतदाता हैं, न ही नगर पंचायत की प्रक्रियाओं में शामिल होना चाहते हैं और न ही दस्तावेजी औपचारिकताओं में उनकी रुचि है,इससे वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा बहुत कम होता दिख रहा है,ऐसी स्थिति में एसआईआर में जनसंख्या अगर कम पाई तो नगर पंचायत अयोग्य हो सकती है एवं बिश्रामपुर नगर पंचायत का दर्जा हट सकता है।

इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सतीश तिवारी, भगवान मिश्रा, शंकर यादव, दीना सिंह, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से ली तीन नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नए आपराधिक कानूनों को लेकर सूरजपुर एसएसपी व डीआईजी प्रशांत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। तीन नवीन कानून की जानकारी देने लगाई गई प्रदर्शनी में कानूनों की बारीकियों को जानने नागरिकों, युवाओं व छात्राओं का खासा उत्साह देखा गया और अपने अनुभवों को साझा किया।

स्कूली बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों की शानदार प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के तहत 29 नवम्बर को डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव, कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, एकलव्य विद्यालय शिवप्रसादनगर, अरूणोदय कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने पुलिस के नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का लाभ उठाया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के द्वारा छात्रों को पुराने एवं नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपराध विवेचना में आधुनिक तकनीक और डिजिटल साक्ष्यों की उपयोगिता को परिभाषित कर बताया गया। प्रदर्शनी देखने आए छात्रों ने नए कानूनों की प्रदर्शनी में अपने अनुभव को साझा कर बताया कि हमें आज पुलिस के इस आयोजन में नए कानूनों को जानने के लिए हमें अच्छा अवसर प्रदान किया है। हमने आज कानून की बारीकियों को समझा है और दूसरों को भी नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। सूरजपुर पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव के छात्र आर्या सिंह, आलिया रिजवी, सिंवागी सिंह, अंशिका सिंह, अर्जुन, लालचंद, शाहिद रजा, वरदान सिंह, आध्या पाण्डेय, एकता सिंह की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों के बारे में उपस्थित युवाओं व लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और उनके नागरिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।



## लाइफ Style

# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।





इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गो पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच


*__मुंबई।__ शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ' फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप

### मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुईं प्रियंका

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी द्वारा नशा मुक्ति समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुईंएयह शिविर हाई स्कूल गौठला छोटे में लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विभावरी सिंह ठाकुर एवम प्रियंका गोस्वामी द्वारा माता सरस्वती एव स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।

### स्वास्थ्य संयोजक संघ को दी 3 वर्ष की मिली मान्यता

**घरघोड़ा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ को राज्य सरकार द्वारा आगामी 3 वर्षों के लिए औपचारिक मान्यता प्रदान की गई है। इसकी जानकारी प्रांताध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने दी। मान्यता मिलने के बाद अब प्रदेश के सभी संभाग अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष परामर्शदात्री बैठकों में भाग लेकर अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक पत्राचार करने के लिए अधिकृत हो गए हैं। प्रांताध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बिना पर्याप्त सुविधाओं के ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर कार्य करते हैं। वे कुल 26 राष्ट्रीय कार्यक्रमों व 14 प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं।

## पेज 1 का शेष

### कोल्हेंनझरिया स्वास्थ्य ...

दूसरी ओर अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को अपने वाहन खड़े करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार की मनमानी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ ही समय बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ठेकेदार को उसके कार्य की एक बड़ी राशि का भुगतान हो चुका है। इससे स्पष्ट होता है कि यह मामला शासन के रुपयों के खुलेआम बंदरबाँट का है, जिसकी जवाबदेही स्थानीय प्रशासनिक और निर्माण विभाग के अधिकारियों की बनती है। अधूरी पार्किंग अधूरा निर्माण अब कबाड़ में तब्दील हो चुका है, जो परिसर की सुंदरता को बिगाड़ने के साथ-साथ जगह भी घेर रहा है।

### जिले के युवाओं ...

कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। यह केंद्र प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के माध्यम से बैंकिंग, जीएसटी, कर सहायता एवं उद्यमिता संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा। लोगों को संबंधित जानकारी और उससे लाभ की प्रक्रिया एक ही जगह पर उपलब्ध हो पाएगी। कलेक्टर श्री व्यास ने आबकारी विभाग को जिले में अवैध शराब की खरीदी, बिक्री एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई करने निर्देशित किया। वहीं खनिज विभाग को अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखते हुए जेसीबी, चौन माउंटेन आदि उपकरणों से खनन की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जप्ती की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने श्रम विभाग को महतारी जतन योजना सहित अन्य श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जशपुर, कुनकुरी तथा पत्थलगांव में शहीद वीर नारायण सिंह दाल-भात केंद्र शीघ्र प्रारंभ करने कहा, जिससे आमजन को मात्र 5 रुपये में दाल-भात उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आगामी बजट प्रस्तावों को नियमानुसार तैयार कर निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत करें। उन्होंने विभागों से समन्वय बढ़ाते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने को कहा।

### शिक्षक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम**

# विद्यालय परीक्षा के प्रोजेक्ट में बच्चों से करवाया पौधों का रोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएमश्री प्राथमिक शाला बघिमा के शिक्षक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के तहत एवं बच्चों में पौधों एवं वृक्षों के प्रति सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से सामुहिक रूप से पौधों का रोपण कराया।

इस अवसर पर शिक्षक के द्वारा पर्यावरण विषय के सभी बच्चों को अपने घर से पौधों को लाने के लिए बोला गया था एवं उसे विद्यालय के किचन गार्डन में रोपण कराया गया। शिक्षक ने बच्चों को कहा कि उन पौधों की देखभाल भी बच्चे को करना है एवं जिनका पौधा ज्यादा समय तक जीवित रहेगा उसे मासिक मूल्यांकन प्रोजेक्ट में अधिकतम अंक दिया जाएगा। इससे बच्चे घर से पौधों के साथ गोबर के खाद एवं कुछ उपजाऊ मिट्टी भी लाए थे। पौधों में टमाटर, गुड़हल, नींबू, गेंदा, भाषण पत्ती, अरंडी एवं वृक्ष में बेर, जामुन, लीची, आम, अमरूद के नाम शामिल है।

एक पेड़ मां के नाम के इस अभियान में विद्यालय के इको क्लब में शामिल बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। शिक्षक रवि गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करके हम ना केवल अपने लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित कर सकते हैं। इसलिए हमें पर्यावरण संरक्षण को अपनाना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। इस तरह हम एक बेहतर दुनिया बना सकते हैं।

#### मिशन लाइफ के लिए छात्रों का इको क्लब

शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि मिशन लाइफ के लिए इको क्लब छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस क्लब में छात्रों को मिशन लाइफ के विषयों से जुड़ी पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिलता है। उल्लेखनीय है कि मिशन लाइफ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक वैश्विक पहल है जो पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण के लिए संसाधनों के सजग उपयोग को बढ़ावा देती है, एवं विद्यालय में इको क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के कई योजनाएं इसके तहत संचालित होते हैं।

#### विद्यालय में किचन गार्डन से बच्चे हो रहे लाभान्वित

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बघिमा किचन गार्डन संचालित है। विद्यालय के प्रधान पाठक सुरेश खलखो ने बताया की उक्त गार्डन में कई प्रकार की सब्जियां जैसे लौकी, सेम, मूनगा, कई प्रकार के साग, पपीता, केला, आदि उगाए गए है। मध्यान्ह भोजन में भी उक्त किचन गार्डन से सब्जी का उपयोग किया जाता है। विद्यालय के शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि किचन गार्डन शासन की बहुत अच्छी योजना है, एवं जिन विद्यालयों में यह संचालित है वहां के बच्चों को शुद्ध एवं ताजे सब्जियां मध्यान्ह भोजन में दिया जा रहा है।



## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ **अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के दिए निर्देश**

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली।

उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके।

उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी का होगा सम्मान

**पुसौर।** वरिष्ठ अधिवक्ताओं की श्रेणी में पुसौर तहसील न्यायालय में कार्यरत नोटरी अधिवक्ता जीआर नायक का नाम शामिल है। उन्होंने 17 जनवरी 1986 से वकालत प्रारंभ किया था जो निर्विवाद रूप से जारी है। इनके वकालत की सेवा को अब तक लगभग 40 वर्ष हो चुके हैं। वकालत में इतने लंबे समय तक शासन और समाज के बीच सेतु काम करते हुए दोनों को सकारात्मक सेवायें दी जिसके लिए पुसौर के अधिवक्ता संघ इन्हें आने वाले समय में सम्मान करने जा रहे हैं।

## जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

- 756 केन्द्रों में लगभग 2 लाख 29 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
- जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में 4717 परीक्षार्थी शामिल होंगे
- निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसम्बर को आयोजित की गई है जिसके लिए 756 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रातः 12 बजे से 02.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी।

जिसमें लगभग 2 लाख 29 हजार 970 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 16 जिलों (अंबिकापुर, कोरिया, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव) में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जशपुर जिले के 12 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 4717 जिले के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

#### अभ्यर्थियों को 2 घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचना होगा अनिवार्य

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम 02 घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

#### हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में हो शामिल

परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हो (काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा)। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा (स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं है) तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

#### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी प्रतिबंधित

परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभियर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा इसके लिए ऐसे पोषाक वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में समान्य समय से पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने, अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षा से वंचित किया जाएगा।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मॉडल परीक्षा का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा विकासखंड अंतर्गत संचालित स्कूली शिक्षा अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से सफलता प्राप्ति नवोदय परीक्षा, एकलव्य, प्रयास श्रेष्ठा आदि परीक्षा शासन द्वारा संचालित की जाती है।

इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं को प्रारम्भिक तैयारी के लिए नवोदय परीक्षा को लेकर एक मॉडल परीक्षा का आयोजन विकास खंड स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा पाँचवी के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना अनुभव हासिल किया। जिसका लाभ भविष्य में होने वाली परीक्षा मे मिल सकेगा। परीक्षा केंद्र में छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीण अंचलों से पालकों को भी उपस्थिति देखी गई जिनमें परीक्षा को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया। मॉडल परीक्षा में तमनार विकासखंड के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्रयास परीक्षा के लिए भी विकासखंड के छात्राओं को लाभ मिल सके इसके लिए प्रत्येक सप्ताह के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है जिनमें आने वाली परीक्षा का अनुभव विद्यार्थियों को मिल सकेगा। प्रयास कोचिंग केंद्र में जाकर क्लास लेते हुए परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे एवं सही उत्तर पाए जाने पर उनका उत्साह बढ़ाया।

## संत पॉल स्कूल बघिमा में क्रीड़ा उत्सव का समापन

**चैंपियन बनते है, जन्म नहीं लेते, थीम पर हुआ शानदार आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बघिमा संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा में रविवार को पांचवां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का थीम था चैंपियन बनते है, जन्म नही लेते, जिसे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर परमा एसडीओपी जशपुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप एम्मानुएल केरकेट्टा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत स्कूल के बैंड ग्रुप द्वारा भव्य प्रस्तुति के साथ किया गया। स्कूल के प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो ने उनका स्वागत किया। श्री परमा ने कहा कि बच्चों को माता-पिता का सम्मान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि उनके आशीर्वाद से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। वहीं विशिष्ट अतिथि बिशप एम्मानुएल केरकेट्टा ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन जीने, कठिन परिश्रम करने और श्रेष्ठ इंसान बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में फादर विपिन (मैनेजर) ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन दिया। सिस्टर सुशीला पन्ना ने कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन शाला नायक आयुष भगत, शाला नायिका अनुष्का, संग्राम राम और तनुजा टोप्पो ने किया। इस अविस्मरणीय क्षण को संजोने के लिए शिक्षक प्रवीण और नवीन ने फोटोग्राफी एवं वीडियो रिकॉर्डिंग की।




#### रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

क्रीड़ा उत्सव में विभिन्न हाउसों एवं कक्षाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं जिसमे स्कूल बैंड डिस्प्ले का शानदार प्रदर्शन रहा। येलो हाउस ने फ्लावर ड्रिल, ब्लू हाउस ने लेजियम एवं अंब्रेला डांस, रेड हाउस ने फोक डांस, ग्रीन हाउस ने आदिवासी फोक डांस, पोम पोम डांस और कक्षा 12वीं के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

#### खेल प्रतियोगिताएं और रोमांचक मुकाबले

उत्सव को और यादगार बनाने के लिए कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं जिसमे 100 मीटर रेस (मिनी एवं जूनियर वर्ग), अभिभावकों के लिए बॉम्बिग थे सिटी प्रतियोगिता और सीनियर लड़कों का खो-खो मैच आयोजित किया गया था। इस वर्ष का ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी रेड हाउस ने जीती। विशिष्ट अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

## शीतलहर के प्रभाव से बचने के लिए बरतें सावधानी

■ **स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी**

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा द्वारा आम नागरिकों से आग्रह किया गया है कि सर्दी को देखते हुए विशेष सावधानी बरते।

गर्म कपड़े पहने, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण होने पर चिकित्सक से संपर्क करें। सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती है, तो तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर कहते है। आसान शब्दों में कहा जा सकता है कि सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 04-05 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है, तो इसे शीत लहर कहा जाता है। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी. एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने। नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे। जिला जलवायु परिवर्तन नोडल अधिकारी डॉ डीके अग्रवाल ने बताया है की शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ़ जाती है, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें। कम तापमान के लक्षण जैसे सामान्य से कम शरीर का तापमान, न रुकने वाली कंपकंपी, याददाश्त चले जाना, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था का होना, जुबान का लड़खडाना आदि प्रकट होने पर चिकित्सक से संपर्क कर उपचार प्राप्त करें।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला-जशपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202511031400020**

मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषय :- अ-21(5) सन :- 2025-2026
जशपुर प.ह.न. 00007 [208/6(0.0210 हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - कृष्णा गुरुंग पिता रामप्रसाद गुरुंग
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता जशपुर, प.ह.नं. 07 रा.नि.म. जशपुर तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा गुरुंग पिता रामप्रसाद गुरुंग, जाति कायस्थ, निवासी ग्राम जशपुरनगर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07 रा.नि.म. जशपुर में स्वयं के नाम पर स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नं. 208/6 शामिल 209 रकबा 0.021 हे. को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के माध्यम से प्रकरण प्राप्त होने पर कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्त मामले की सुनवाई दिनाँक 11.12.2025 को इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/11/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**10 को पत्थलगांव में होगा जिला स्तरीय फाइनल**

## शतरंज स्पर्धा का प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर जिले में विद्यार्थियों के बीच प्रतिभा संवर्धन और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, खेल भावनाओं को प्रोत्साहित करने और जिले में खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से शतरंज प्रतियोगिता का प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। शतरंज खेल को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा प्रारंभ की गई। जशपुर एसडीएम विश्वासराव मस्के के मार्गदर्शन में चल रही इस प्रतियोगिता में सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त हाई तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल होंगे। रुचि रखने वाले मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जाना है।

पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन जिला स्तरीय आयोजन समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनके मार्गदर्शन जिला स्तर पर प्रतियोगिता 10 दिसंबर को पत्थलगांव में आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया है। 1 से 3 दिसंबर तक विद्यालयों में विद्यार्थियों को खेल कालखंड में लगातार तीन दिनों तक 1 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी विद्यालयों में शतरंज खेलने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें आगामी तीन दिनों तक खेल कालखंड में प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण उनके विद्यालय में ही व्यायाम शिक्षकों , खेल प्रशिक्षकों या विद्यालय के शतरंज के जानकार किसी एक शिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है।

#### इस प्रतियोगिता में बालक बालिका दोनों भाग ले सकते है

विशेष रूप से इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों एक साथ भाग ले सकेंगे तथा इसमें उम्र अथवा कक्षा का कोई बंधन नहीं रखा गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने उम्मीद जताई है कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच, धैर्य और निर्णय क्षमता का विकास होगा तथा जिले में शतरंज के प्रति नई रुचि जागृत होगी।

#### प्रतियोगिता का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर आयोजित

प्रतियोगिता का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जो 4 से 5 दिसंबर तक चलेगा। विद्यालय स्तर पर नॉकआउट पद्धति से प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की एसेंबली में प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।इसके पश्चात विकासखंड स्तर की प्रतियोगिता 6 और 7 दिसंबर को संबंधित विकासखंड मुख्यालय में आयोजित होगी। यह आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में नॉकआउट पद्धति से कराया जाएगा। इस चरण में प्रत्येक विद्यालय से विद्यालय स्तरीय विजेता और उपविजेता खिलाड़ी शामिल होंगे। विकासखंड स्तर पर क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल के विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। अंतिम चरण के रूप में जिले स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 10 दिसंबर को पत्थलगांव में आयोजित होगी। इसमें प्रत्येक विकासखंड से कुल आठ खिलाड़ी शामिल होंगे, जो विकासखंड स्तर पर क्वार्टर फाइनल , सेमी फाइनल और फाइनल के होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी नॉकआउट पद्धति से खेली जाएगी तथा यहां अंतिम आठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

